रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	19/08/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 न्यूटन के गति के तीसरे नियम के अनुसार जब कोई नाविक, चप्पू नौका से आगे की ओर कूदता है, तो स्थिर चप्पू नौका (stationary rowing boat) पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✗ A. नौका, नाविक के अनुदिश आगे की ओर गति करती है।
- ✗ B. नौका स्थिर बनी रहती है क्योंकि केवल नाविक ही गति करता है।
- ✓ C. नौका, समान और विपरीत प्रतिक्रिया बल के कारण पीछे की ओर गति करती है।
- ✗ D. जल प्रतिरोध के कारण नौका अप्रत्याशित रूप से गति करती है।

Q.2 त्वरण को ________________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans
- ✗ A. प्रति इकाई समय विस्थापन में परिवर्तन
- ✗ B. प्रति इकाई समय विस्थापन
- ✗ C. प्रति इकाई समय दूरी
- ✓ D. प्रति इकाई समय वेग में परिवर्तन

Q.3 एक तत्व X , सूत्र XCl_3 के साथ क्लोराइड और सूत्र X_2O_3 के साथ ऑक्साइड का निर्माण करता है। इसके आधार पर, तत्व X की संयोजकता कितनी है?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Q.4 जब पक्ष्माभी पेशियां (ciliary muscles) संकुचित होती है, तो नेत्र लेंस __________।

Ans
- ✗ A. पतला हो जाता है तथा फोकस दूरी बढ़ जाती है
- ✗ B. मोटा हो जाता है तथा फोकस दूरी बढ़ जाती है
- ✗ C. पतला हो जाता है तथा फोकस दूरी कम हो जाती है
- ✓ D. मोटा हो जाता है तथा फोकस दूरी कम हो जाती है

Q.5 किसी वस्तु का प्रतिबिंब बनाने के लिए उत्तल लेंस का उपयोग किया जाता है। जब वस्तु को लेंस की फोकस दूरी के दोगुने (2f) से अधिक दूरी पर रखा जाता है, तो बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति क्या होगी?

Ans
- ✓ A. वास्तविक, उल्टा और वस्तु से छोटा
- ✗ B. वास्तविक, उल्टा और आवर्धित
- ✗ C. आभासी, सीधा और आवर्धित
- ✗ D. वास्तविक, उल्टा और वस्तु के समान आकार का

Test Prime By Adda247

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

Rating | Editors' choice | New

Mocks for Every Exam

Test. Analyze. Improve. Repeat.

All India Rankings

1,50,000+ Mock Tests

25,000+ Previous Year Papers

800+ Exam Covered

500% Refund on Selection

5 lakh+ Free Quizzes

Daily Free PDFs

Top Alerts Stay Updated

WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

Safe & Reliable

Trusted by Lakhs of Aspirants

Your Success, Our Mission

DOWNLOAD TEST PRIME

Your Success Partner!

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Test Prime

SUCCESS GALLERY !

MEET THE ACHIEVERS

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 अभिकथन (A) और कारण (R) से लेबलित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): व्यायाम के दौरान रक्त दाब अस्थायी रूप से बढ़ जाता है।
कारण (R): व्यायाम से हृदयगति दर और हृदय द्वारा प्रति मिनट पंप किए जाने वाले रक्त की मात्रा बढ़ जाती है।

Ans
- ✔ A. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
- ✘ B. A सत्य है, लेकिन R असत्य है
- ✘ C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
- ✘ D. A असत्य है, लेकिन R सत्य है

Q.7 एक हीटर की रेटिंग 1000 W, 250 V है। यदि इसे 250 V की आपूर्ति से जोड़ा जाता है, तो हीटर द्वारा कितनी धारा कर्षित की जाएगी और हीटर का प्रतिरोध कितना होगा?

Ans
- ✘ A. 2.5 A, 100 Ω
- ✔ B. 4 A, 62.5 Ω
- ✘ C. 5.0 A, 50 Ω
- ✘ D. 3.5 A, 71.4 Ω

Q.8 परिवर्तनों का कौन-सा युग्म, गिटार की स्ट्रिंग द्वारा उत्पन्न ध्वनि की प्रबलता और तारत्व दोनों में वृद्धि कर देगा?

Ans
- ✔ A. आयाम में वृद्धि और आवृत्ति में वृद्धि
- ✘ B. आयाम में वृद्धि और आवृत्ति में कमी
- ✘ C. आयाम में कमी और आवृत्ति में कमी
- ✘ D. आयाम में कमी और आवृत्ति में वृद्धि

Q.9 जब m द्रव्यमान की कोई वस्तु, v वेग से गतिमान है, तो उसकी गतिज ऊर्जा K है। यदि उसका वेग दोगुना कर दिया जाए, तो उसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. 2K
- ✔ B. 4K
- ✘ C. K
- ✘ D. 3K

Q.10 किसी शहर में जीवनशैली में बदलाव और डिस्पोजेबल पैकेजिंग के कारण अपशिष्ट उत्पादन में वृद्धि देखी जाती है। अपशिष्ट प्रबंधन सिद्धांतों के अनुसार पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय क्या है?

Ans
- ✘ A. आयतन को कम करने के लिए सभी अपशिष्टों को जलाना
- ✔ B. अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट के पृथक्करण और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना
- ✘ C. सभी प्रकार के अपशिष्टों के लिए लैंडफिल स्थान में वृद्धि करना
- ✘ D. पृथक्करण की उपेक्षा करना और केवल जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट पर फोकस करना

Q.11 सुमेलित कोशिका-संरचना युग्म की पहचान कीजिए।

Ans
- ✘ A. जीवाणु कोशिका – सुस्पष्ट केंद्रक
- ✘ B. जंतु कोशिका – कोशिका भित्ति
- ✔ C. सुकेंद्रकी कोशिका – झिल्ली-बद्ध अंतर्द्रव्यी जालिका
- ✘ D. प्राक्केंद्रकी कोशिका – माइटोकॉन्ड्रिया

Q.12 एक श्रमिक को एक भारी लोड को एक निश्चित ऊँचाई तक उठाना है। चार आदर्श मशीनें उपलब्ध हैं। उनकी यांत्रिक लब्धियाँ नीचे दी गई हैं:
मशीन P: MA = 0.5
मशीन Q: MA = 0.8
मशीन R: MA = 2
मशीन S: MA = 4

मान लीजिए कि सभी मशीनें घर्षणहीन हैं और लोड को समान ऊर्ध्वाधर ऊँचाई तक उठाया जाना चाहिए।
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. मशीनों R और S को समान प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि लोड अपरिवर्तित है।
✗ B. मशीन S अन्य मशीनों की तुलना में कम कार्य करती है।
✗ C. मशीन P को न्यूनतम प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि इसका MA न्यूनतम है।
✓ D. मशीन S को न्यूनतम प्रयास की आवश्यकता है लेकिन प्रयास सर्वाधिक दूरी तक प्रयुक्त होता है।

Q.13 एक विद्यार्थी, जिंक और सल्फर के बीच होने वाली अभिक्रिया का प्रेक्षण करता है जिसके परिणामस्वरूप एक यौगिक बनता है। जब जिंक, सल्फर जैसे अधातु के साथ संयोजित होता है, तो धातुओं का कौन-सा गुणधर्म प्रदर्शित होता है?

Ans
✗ A. जिंक एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है
✗ B. जिंक एक ऑक्सीकरण कर्मक के रूप में कार्य करता है
✓ C. जिंक एक अपचायी कर्मक के रूप में कार्य करता है
✗ D. जिंक एक विलायक के रूप में कार्य करता है

Q.14 किसी भी उदासीन परमाणु के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा इलेक्ट्रॉनिक विन्यास संभव नहीं है?

Ans
✗ A. 2, 8, 2
✗ B. 2, 8, 3
✓ C. 2, 10, 9
✗ D. 2, 8, 8

Q.15 एक विद्यार्थी अधात्विक ऑक्साइड को क्षार के साथ मिश्रित करता है और उदासीनीकरण का अवलोकन करता है। इससे शामिल पदार्थों के गुणधर्मों के संबंध में क्या पता चलता है?

Ans
✓ A. अधात्विक ऑक्साइड अम्ल के रूप में कार्य करता है
✗ B. क्षार एक अम्ल के रूप में कार्य करता है
✗ C. दोनों पदार्थ उदासीन हैं
✗ D. अधात्विक ऑक्साइड क्षार के रूप में कार्य करता है

Q.16 डीएनए (DNA), जिसे __________ अम्ल भी कहा जाता है, आनुवंशिक पदार्थ है, जो कोशिकाओं में आनुवंशिक सूचना का वहन करता है।

Ans
✗ A. डीकार्बोनेटेड (Decarbonated)
✗ B. डी-राइबोन्यूक्लिक (Di-ribonucleic)
✓ C. डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक (Deoxyribonucleic)
✗ D. डीनेचर्ड (Denatured)

Q.17 एककोशिकीय जीवों को भोजन ग्रहण करने तथा गैसों के आदान-प्रदान के लिए विशिष्ट अंगों की आवश्यकता क्यों नहीं होती है?

Ans
✗ A. क्योंकि उनकी शारीरिक संरचना जटिल होती है
✓ B. क्योंकि उनकी संपूर्ण शरीर की सतह बाहरी पर्यावरण के सीधे संपर्क में होती है
✗ C. क्योंकि उनके पास एक परिवहन प्रणाली होती है
✗ D. क्योंकि उन्हें भोजन या ऑक्सीजन की आवश्यकता नहीं होती है

Q.18 कौन-सी क्रियाविधि, छुईमुई को स्पर्श किए जाने के तुरंत बाद अपनी पत्तियों को बंद करने की सुविधा देता है?

Ans

✔ A. कुछ कोशिकाओं में जल की मात्रा में परिवर्तन होना

✗ B. जंतु-प्रोटीन जैसे प्रोटीन का उपयोग

✗ C. पेशी ऊतक में विद्युत आवेग

✗ D. विशिष्ट तंत्रिका ऊतक

Q.19 किसी प्रयोग में, पादपों का एक समूह जल न मिलने पर प्रजनन करने में विफल रहता है, भले ही उनके पास संवहनी ऊतक हैं। ये किस पादप समूह के सबसे अधिक समान हैं?

Ans

✗ A. अनावृतबीजी (Gymnosperm)

✗ B. आवृतबीजी (Angiosperm)

✔ C. टेरिडोफाइटा (Pteridophyta)

✗ D. ब्रायोफाइटा (Bryophyta)

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन सर्वोत्तम तरीके से यह दर्शाता है कि रासायनिक अभिक्रिया में अपचयन हुआ है?

Ans

✗ A. ऑक्सीजन, धातु के साथ अभिक्रिया करके ऑक्साइड की परत बनाती है

✗ B. कार्बोनेट लवण को तप्त करने पर कार्बन डाइऑक्साइड विमुक्त होती है

✔ C.
तापन के दौरान धात्विक ऑक्साइड से ऑक्सीजन निष्कासत हो जाती है

✗ D. अम्ल के साथ धातु की अभिक्रिया के बाद हाइड्रोजन गैस उत्सर्जित होती है

Q.21 कोयला ____________ वर्ष पहले उगे पेड़ों, फर्न और अन्य पादपों के अवशेषों से बनता है।

Ans

✗ A. सैकड़ों

✔ B. लाखों

✗ C. दशकों

✗ D. हजारों

Q.22 असंतृप्त हाइड्रोकार्बन प्रायः निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया क्रियाविधि से गुजरते हैं?

Ans

✔ A. योगज

✗ B. उदासीनिकरण

✗ C. प्रतिस्थापन

✗ D. दहन

Adda247

Q.23 कोई इलेक्ट्रॉन एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में समकोण पर प्रवेश करता है। यदि चुंबकीय क्षेत्र, कागज में भीतर की ओर निर्देशित है और इलेक्ट्रॉन दाईं ओर को प्रवेश करता है, तो इलेक्ट्रॉन पर लगने वाले बल की दिशा क्या होगी?

Ans

✗ A. उर्ध्वगामी

✗ B. कागज में बाहर की ओर

✔ C. अधोगामी

✗ D. कागज में भीतर की ओर

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा, दैनिक जीवन में पाए जाने वाले निलंबन का एक सामान्य उदाहरण है?

Ans

✔ A. पंकिल जल

✗ B. लवण जल

✗ C. स्टार्च विलयन

✗ D. दूध

Q.25 कोई जीवविज्ञानी, महाद्वीपीय तटों के निकट मछलियों की एक बड़ी आबादी का भरण-पोषण करने वाले पोषक-तत्वों से भरपूर जल का अध्ययन करता है। कौन-सी भौतिक क्रियाविधि, प्राकृतिक रूप से पोषक तत्वों को गहरे जल से पृष्ठीय जल पर लाती है?

Ans
- ✗ A. भूमध्य रेखा पर भूमंडलीय पवनें
- ✗ B. केवल पृष्ठीय जल का संचलन
- ✗ C. गभीरता पर लवणता स्तरीकरण
- ✓ D. महासागरीय धाराओं के कारण उत्प्रवाह

Section : **Mathematics**

Q.26 एक डिलीवरी राइडर 6 मिनट 40 सेकंड देरी से चलना शुरू करता है, परंतु तब भी अपनी सामान्य चाल से 12 km/hr अधिक तेज चाल से गाड़ी चलाकर 21 km दूर अपने गंतव्य तक समय पर पहुँच जाता है। उसकी मूल चाल km/hr में कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 40
- ✗ B. 41
- ✗ C. 43
- ✓ D. 42

Q.27 यदि $102^{0.63} = x$, $102^{0.94} = y$ और $x^z = y^5$ है, तो z का मान किसके निकटतम है?

Ans
- ✗ A. 8.63
- ✓ B. 7.46
- ✗ C. 6.41
- ✗ D. 9.71

Q.28 गिरी 7 घंटे में 56 km की दूरी तय करता है। वह कुछ दूरी 6 km/h की चाल से पैदल और कुछ दूरी 11 km/h की चाल से साइकिल द्वारा तय करता है। उसके द्वारा साइकिल से तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 30.8 km
- ✗ B. 30.5 km
- ✗ C. 30.2 km
- ✗ D. 30.7 km

Q.29 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 80% मतदाताओं ने अपने मत डाले और डाले गए मतों में से 10% मत अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों में से 55% मत मिले और वह 378 मतों के अंतर से चुनाव जीत गया। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✓ A. 5250
- ✗ B. 5249
- ✗ C. 5251
- ✗ D. 5253

Q.30 एक डेटासेट का माध्य μ, माध्यिका M, और बहुलक m है, जो अनुभवजन्य सूत्र $m = 3M - 2\mu$ का अनुसरण करते हैं। प्रत्येक डेटा बिंदु x का रैखिक रूपांतरण से गुजरता है जो $x' = kx + d$ द्वारा दिया गया है, जहां k और d स्थिरांक हैं।
रूपांतरित डेटासेट का नया माध्य μ′, माध्यिका M′ और बहुलक m′ है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, μ′, M′ और m′ को सही रूप से निरूपित करता करता है और यह सुनिश्चित करता है कि अनुभवजन्य संबंध (empirical relationship) मान्य रहे?

Ans
- ✗ A. $\mu' = k\mu + d$, $M' = kM$, $m' = km + d$
- ✗ B. $\mu' = k\mu + d$, $M' = kM + d$, $m' = k(m + d)$
- ✗ C. $\mu' = k\mu$, $M' = kM + d$, $m' = km + d$
- ✓ D. $\mu' = k\mu + d$, $M' = kM + d$, $m' = km + d$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.31 पांच संख्याओं का औसत 18.45 है। पांचों संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 92.25
✗ B. 84.25
✗ C. 95.25
✗ D. 90.25

Q.32 ₹2,20,000 की राशि को अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 4% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 1 वर्ष के निवेश किया जाता है। वर्ष के अंत में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹9,364
✗ B. ₹9,551
✗ C. ₹8,648
✓ D. ₹8,888

Q.33 यदि $\angle F = \angle Z$ और $DF = XZ$ है, तो $\triangle DEF$ और $\triangle XYZ$ के सर्वांगसम होने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त सत्य होनी चाहिए?

Ans
✗ A. EF = YZ, SSA मानदंड के द्वारा
✗ B. DE = XY, SAS मानदंड के द्वारा
✗ C. DE = XY, SSS मानदंड के द्वारा
✓ D. EF = YZ, SAS मानदंड के द्वारा

Q.34 8 के प्रथम 6 गुणजों का भारित समांतर माध्य ज्ञात कीजिए, जहां प्रत्येक गुणज का भार उसके मान का आधा है। अपना उत्तर दशमलव के दो स्थान तक दीजिए।

Ans
✓ A. 34.67
✗ B. 52.52
✗ C. 25.36
✗ D. 43.67

Q.35 ₹1,500 पर 3% मासिक ब्याज दर से 2 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 90
✗ B. 27.50
✗ C. 15
✗ D. 7.50

Q.36 A, B और C एक व्यवसाय में क्रमशः ₹5,000, ₹7,000 और ₹8,000 का निवेश करते हैं। यदि लाभ ₹4,000 है, तो A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹1,400
✗ B. ₹1,200
✗ C. ₹1,100
✓ D. ₹1,000

Q.37 $(3K^2-2)$ का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए छह अंकों की संख्या 7K8508, 6 से विभाज्य है।

Ans
✗ A. 8
✓ B. 10
✗ C. 17
✗ D. 14

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.38 दो साझेदारों, A और B, ने किसी व्यवसाय में क्रमशः ₹1,50,000 और ₹1,80,000 का निवेश किया। वे लाभ का 50% बराबर बांटने और शेष 50% को अपनी पूंजी निवेश के अनुपात में बांटने पर सहमत हुए। यदि B को कुल लाभ में से ₹46,000 प्राप्त होते हैं, तो कुल लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹98,000
- ✗ B. ₹96,000
- ✗ C. ₹86,000
- ✓ D. ₹88,000

Q.39 एक ठोस शंकु को पिघलाकर समान त्रिज्या के एक ठोस बेलन के रूप में ढाला जाता है। शंकु की ऊँचाई और बेलन की ऊँचाई का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2:3
- ✗ B. 1:1
- ✓ C. 3:1
- ✗ D. 1:2

Q.40 ज़मीन पर एक बिंदु से टॉवर के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। टॉवर के आधार की ओर सीधे 24 m चलने पर, उन्नयन कोण 60° हो जाता है। टॉवर की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।
($\sqrt{3} = 1.732$ का प्रयोग करें और अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 55.78 m
- ✓ B. 56.78 m
- ✗ C. 53.78 m
- ✗ D. 54.78 m

Q.41 एक निश्चित धनराशि को 8 : 5 के अनुपात में दो भागों में विभाजित किया जाता है। यदि एक भाग दूसरे भाग से ₹306 अधिक है, तो धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 510
- ✗ B. 1,122
- ✗ C. 816
- ✓ D. 1,326

Q.42 अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 10% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹135 खर्च किए और इसे मीनू को 50% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,728 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 1,140
- ✓ B. 1,130
- ✗ C. 1,150
- ✗ D. 1,080

Q.43 दो घन, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 216 cm^3 है, को कोर से कोर मिलाकर संयोजित किया जाता है। परिणामी घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 360 cm^2
- ✗ B. 300 cm^2
- ✗ C. 495 cm^2
- ✗ D. 406 cm^2

Q.44 एक चुनाव में, A को डाले गए मतों के 63.2% मत प्राप्त हुए। यदि डाले गए मतों की कुल संख्या 5000 है, तो A को कितने मत प्राप्त हुए?

Ans
- ✓ A. 3160
- ✗ B. 2580
- ✗ C. 3580
- ✗ D. 2760

Adda247

Q.45 7-अंकों की संख्या 36A836B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 1
✗ B. 6
✗ C. 4
✗ D. 5

Q.46 निम्न पाई चार्ट्स में विभिन्न संस्थानों (A, B, C, D और E) में MBBS प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकित अभ्यर्थियों और परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों (नामांकित अभ्यर्थियों में से) के बंटन को दर्शाया गया है।





संस्थान A और E दोनों के लिए, कुल नामांकित अभ्यर्थियों में से उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 57.75%
✗ B. 42.25%
✗ C. 62.25%
✗ D. 64.75%

Q.47 कोई निश्चित धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज दर (वार्षिक रूप से संयोजित) पर निवेश करने पर 4 वर्षों में अपने मूल मान की तीन गुनी हो जाती है। वही धनराशि समान ब्याज दर पर कितने वर्षों में अपने मूल मान की नौ गुनी हो जाएगी?

Ans
✗ A. 6 वर्ष
✗ B. 9 वर्ष
✔ C. 8 वर्ष
✗ D. 5 वर्ष

Q.48 एक सीढ़ी एक ऊर्ध्वाधर दीवार के सहारे टिकी हुई है। सीढ़ी 25 मीटर लंबी है और जमीन के साथ 30 डिग्री का कोण बनाती है। सीढ़ी दीवार पर कितनी ऊंचाई तक जाती है?

Ans
- ✗ A. 21.7 मीटर
- ✗ B. 25 मीटर
- ✓ C. 12.5 मीटर
- ✗ D. 15 मीटर

Q.49 चार दुकानों I, II, III और IV में एक कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 74% और 72% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 12% और 70% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 51% और 92% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 29%, 78% और 56% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans
- ✗ A. I
- ✗ B. IV
- ✓ C. III
- ✗ D. II

Q.50 A, B और C मिलकर एक काम को 2 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उसी काम को 4 दिनों में और B अकेले उसी काम को 8 दिनों में पूरा कर सकता है, तो C अकेले उसी काम के दोगुने काम को कितने दिन में पूरा करेगा?

Ans
- ✗ A. 8
- ✓ B. 16
- ✗ C. 17
- ✗ D. 9

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

APE CAR FAR RED

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के कितने समूह में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से, DEGH का संबंध FGIJ से है। उसी प्रकार, KLNO का संबंध MNPQ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UVXY का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. XYZB
- ✗ B. XWZC
- ✓ C. WXZA
- ✗ D. WXZB

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. PM−II
- ✗ B. FC−ZW
- ✗ C. HE−BY
- ✗ D. AX−UR

Q.54 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(21, 441, 11)
(16, 256, 6)

Ans
- ✗ A. (22, 484, 11)
- ✓ B. (19, 361, 9)
- ✗ C. (13, 169, 4)
- ✗ D. (25, 625, 8)

Q.55 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) Y B $ A W M & # J Q Z F L @ R H * T C D S (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक और प्रतीक तथा ठीक बाद एक अक्षर है?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. चार
- ✗ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.56 सात मित्र, B, C, D, T, U, V और W, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाईं ओर से गिनने पर, B और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। W, U के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, T के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। W, V के ठीक दाईं ओर बैठा है। D, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के दाईं ओर से गिनने पर, D और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

Q.57 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 58 का संबंध 233 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 77 का संबंध 309 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 46 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 156
- ✗ B. 144
- ✓ C. 185
- ✗ D. 124

Q.58 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 1 4 7 4 4 9 6 6 4 3 3 4 7 5 7 5 9 1 2 3 6 5 3 5 6 9 7 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद में एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 1
- ✓ C. 2
- ✗ D. 3

GET IT ON Google Play

Q.59 अंकित बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएँ मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ A. 5 km, दक्षिण की ओर
- ✘ B. 5 km, उत्तर की ओर
- ✘ C. 4 km, दक्षिण की ओर
- ✘ D. 3 km, दक्षिण की ओर

Q.60 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 - 3 ÷ 14 + 15 × 5 = ?

Ans
- ✘ A. 52
- ✘ B. 29
- ✘ C. 35
- ✔ D. 44

Q.61 नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BIK : FEI
KKM : OGK

Ans
- ✔ A. LSU : POS
- ✘ B. BLO : FHL
- ✘ C. KVX : OQV
- ✘ D. GEH : KAE

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WHO AKS ENW IQA ?

Ans
- ✘ A. NUD
- ✔ B. MTE
- ✘ C. NTF
- ✘ D. LSF

Q.63 दी गई अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) A 4 & P % 7 @ 8 T 6 & K 2 R 5 # 3 E Ω C D (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से सातवें स्थान पर होगा?

Ans
- ✘ A. R
- ✘ B. 5
- ✔ C. 2
- ✘ D. K

Adda247

Q.64 एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M – E % W @ P # K' है, तो M का K से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई की पत्नी
- ✓ B. पति के भाई की पत्नी
- ✗ C. भाई की पुत्री
- ✗ D. पति के भाई की पुत्री

Q.65 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

61 - 5 + 231 × 21 ÷ 33 = ?

Ans
- ✗ A. 320
- ✗ B. 333
- ✗ C. 324
- ✓ D. 327

Q.66 सात बॉक्स - A, B, C, D, E, F और G को ऊर्ध्वाधर रूप से स्टैक किया गया है। F को सबसे ऊपर से दूसरे स्थान पर रखा गया है। G को E के ठीक नीचे रखा गया है। D और E के बीच केवल एक बॉक्स को रखा गया है। D को सबसे नीचे से चौथे स्थान पर रखा गया है। B को F के ठीक नीचे रखा गया है। A को C के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। G की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. सबसे ऊपर से दूसरे स्थान पर
- ✗ B. सबसे ऊपर
- ✓ C. सबसे नीचे
- ✗ D.
सबसे नीचे से दूसरे स्थान पर

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
- ✗ A. RPN
- ✗ B. ZXV
- ✓ C. QOL
- ✗ D. XVT

Adda247

Q.68 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।
IRON - NORI - RION
MILE - ELIM - IMLE

Ans
- ✗ A. PLAN - PALN - PLNA
- ✓ B. REST - TSER - ERST
- ✗ C. HOPE - HPEO - EPHO
- ✗ D. FIND - DINF - FNID

Q.69 श्री तोसी बिंदु A से प्रारंभ करके पूर्व की ओर 11 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़कर 23 km ड्राइव करते हैं। इसके बाद वे फिर बाएं मुड़कर 19 km ड्राइव करते हैं। अंत में वे बाएं मुड़कर, 12 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 8 km पश्चिम की ओर
- ✗ B. 9 km पूर्व की ओर
- ✓ C. 7 km उत्तर की ओर
- ✗ D. 7 km दक्षिण की ओर

Q.70 शब्द HACKING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. पांच
- ✗ B. तीन
- ✗ C. छह
- ✓ D. दो

Q.71 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
C, B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
यदि सभी व्यक्तियों को A से शुरू करते हुए दक्षिणावर्त दिशा में वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन

Q.72 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9, 19, 30, 42, 55, ?

Ans
- ✗ A. 70
- ✗ B. 68
- ✓ C. 69
- ✗ D. 71

Q.73 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। ज्ञात कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी इंजीनियर, कलाकार हैं।
कुछ कलाकार, डांसर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ डांसर, इंजीनियर हैं।
(II) कुछ कलाकार, इंजीनियर हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.74 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 327 914 924 512 458 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनके दूसरे अंक और तीसरे अंक का योगफल, 3 से पूर्णतः विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

Q.75 शब्द VATLETS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'Rv – Qe # Hp + Ki # Lg' है, तो Lg का Rv से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पिता
- ✗ B. पुत्र
- ✗ C. भाई
- ✗ D. बहन

Q.77 यदि संख्या 724859758586 के प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए और प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार निर्मित नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 12
- ✗ B. 11
- ✗ C. 10
- ✗ D. 13

Q.78 C, D, E, F, J, K और L, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। F से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। D के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। F और L के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। J और K के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। E की परीक्षा J से ठीक पहले है। C और J के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.79 सात बॉक्स G, H, I, B, C, D और E, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
C और H के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल B को D के ऊपर रखा गया है। H के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है, I को G के नीचे किसी स्थान पर लेकिन E के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
बॉक्स E के ऊपर तीसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
- ✗ A. C
- ✓ B. G
- ✗ C. D
- ✗ D. E

Adda247

Q.80 निम्नलिखित प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर निर्धारित कीजिए।

पाँच छड़ियों, V, H, Y, D और N में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सी छड़ी सबसे लंबी है?
(I) Y केवल एक छड़ी से लंबी है। D, H से छोटी है लेकिन V से लंबी है।
(II) D, N से लंबी है।

Ans
✔ A. कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी संयुक्त रूप से (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
✘ B. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✘ C. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✘ D. कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 वर्ष 2026 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किस देश से "रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस" प्राप्त हुआ?

Ans
✘ A. नॉर्वे
✔ B. स्वीडन
✘ C. फिनलैंड
✘ D. डेनमार्क

Q.82 3 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित, डकार रैली (Dakar Rally) 2026 के 48वें संस्करण की मेजबानी किस देश ने की थी, जिसका आरंभ और समापन लाइन यांबू (Yanbu) में स्थित था?

Ans
✘ A. कतर
✘ B. बहरीन
✔ C. सऊदी अरब
✘ D. संयुक्त अरब अमीरात

Q.83 भारत में CRISPR-आधारित नवाचार को बढ़ावा देने और प्रयोगशाला अनुसंधान को वास्तविक नैदानिक अनुप्रयोगों में रूपांतरित करने में सक्षम बनाने के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु 22 दिसंबर 2025 को किस पहल की घोषणा की गई थी?

Ans
✘ A. बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल इनोवेशन हब
✘ B. नेशनल बायो-फार्मा स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम
✔ C. सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर CRISPR इनोवेशन एंड ट्रांसलेशन
✘ D. नेशनल सेंटर फॉर जीनोम सीक्वेंसिंग एंड डेटा शेयरिंग

Q.84 मई 2026 में, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) ने, म्यूल खातों की AI-संचालित पहचान को सुदृढ़ करने और साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ियों से निपटने के लिए किस संगठन के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?

Ans
✘ A. भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (CERT-In)
✘ B. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)
✘ C. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI)
✔ D. रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH)

Q.85 फरवरी 2026 में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में लॉन्च की गई कॉफी टेबल बुक 'अटल बिहारी वाजपेयी: द इटरनल स्टेट्समैन (Atal Bihari Vajpayee: The Eternal Statesman)' के लेखक कौन हैं?

Ans
✔ A. विजय गोयल
✘ B. मुरली मनोहर जोशी
✘ C. आशिम कुमार घोष
✘ D. सी. पी. राधाकृष्णन

Q.86 नई दिल्ली 2026 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में, पुरुषों के जैवलिन थ्रो F43/44/64 इवेंट में किस भारतीय पैरा-एथलीट ने गोल्ड मेडल जीता और भारत के लिए पोडियम स्वीप का नेतृत्व किया?

Ans
✗ A. अमित कुमार सरोहा
✗ B. देवेंद्र झाझरिया
✓ C. सुमित अंतिल
✗ D. संदीप चौधरी

Q.87 फरवरी 2026 में, संयुक्त अरब अमीरात में किस स्थल पर तीसरा इंटरनेशनल AYUSH कॉन्फ्रेंस और एक्सपो आयोजित किया गया था?

Ans
✓ A. दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (DWTC), दुबई
✗ B. कतर नेशनल कन्वेंशन सेंटर, दोहा
✗ C. अबू धाबी नेशनल एग्जिबिशन सेंटर, अबू धाबी
✗ D. शारजाह एक्सपो सेंटर, शारजाह

Q.88 What is the primary purpose of the Delegation of Financial Powers to DRDO (DFP-2026) released in June 2026?

Ans
✓ A. To improve efficiency and project execution
✗ B. To centralize all project funding decisions
✗ C. To reduce the total research budget of DRDO
✗ D. To mandate the outsourcing of core research

Q.89 किस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था ने "विमेन, बिजनेस एंड द लॉ 2026 (Women, Business and the Law 2026)" रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें महिलाओं के आर्थिक अधिकारों के प्रवर्तन में मौजूद कमियों को उजागर किया गया है?

Ans
✓ A. विश्व बैंक समूह (World Bank Group)
✗ B. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nations Development Programme)
✗ C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund)
✗ D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (Organisation for Economic Co-operation and Development)

Q.90 नवंबर 2025 तक दिल्ली-NCR ने वायु गुणवत्ता के क्षेत्र में कौन-सी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की?

Ans
✗ A. 1990 के बाद से अब तक का सबसे न्यूनतम AQI स्तर
✓ B. पिछले आठ वर्षों में सर्वश्रेष्ठ औसत AQI
✗ C. पूरे वर्ष में कोई भी दिन 'खराब' नहीं रहा
✗ D. पहली बार WHO के वायु गुणवत्ता मानकों को पूरा किया

Q.91 वायु गुणवत्ता सूचकांक के 'खराब (Poor)' श्रेणी में पहुँचने के बाद, मई 2026 में किस संगठन ने दिल्ली-NCR में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण-I को लागू किया था?

Ans
✗ A. राष्ट्रीय हरित अधिकरण
✗ B. पर्यावरण और वन मंत्रालय
✓ C. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग
✗ D. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

Q.92 In May 2026, who among the following launched the Common Landing Portal for Unclaimed Financial Assets to facilitate easier access to information relating to unclaimed financial assets?

Ans
✗ A. Department of Banking Affairs
✓ B. Department of Financial Services
✗ C. Department of Economic Affairs
✗ D. Department of Revenue

Adda247

Q.93 **वर्ष 2026 में, भारतीय उद्यमी भरत गीते (Bharat Gite) को किस उद्योग में योगदान के लिए ब्रिटिश संसद में "ग्लोबल इंस्पिरेशन ऑफ द ईयर 2026" पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?**

Ans
- ✗ A. फार्मास्युटिकल विनिर्माण और निर्यात
- ✓ B. ऐलुमिनियम विनिर्माण और नवाचार
- ✗ C. नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण प्रणाली
- ✗ D. सेमीकंडक्टर डिजाइन और संविरचन

Q.94 **2026 की शुरुआत में की गई घोषणाओं के अनुसार, मध्य प्रदेश में कौन-सा टाइगर रिजर्व, तीसरा चीता आवास बन जाएगा?**

Ans
- ✗ A. सतपुड़ा टाइगर रिजर्व
- ✗ B. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व
- ✓ C. वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व
- ✗ D. पन्ना टाइगर रिजर्व

Q.95 **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिसंबर 2025 के ICC मेन्स प्लेयर ऑफ़ द मंथ के खिताब से किस क्रिकेटर को सम्मानित किया गया था?**

Ans
- ✗ A. जैकब डफी (Jacob Duffy)
- ✗ B. पैट कमिंस (Pat Cummins)
- ✓ C. मिचेल स्टार्क (Mitchell Starc)
- ✗ D. जस्टिन ग्रीव्स (Justin Greaves)

Q.96 **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 9 से 23 अप्रैल 2026 तक पोषण पखवाड़े का 8वां संस्करण मनाया। पोषण पखवाड़ा 2026 का विषय क्या था?**

Ans
- ✗ A. मातृ स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सेवाओं को बढ़ावा देना
- ✗ B. समग्र पोषण परिणामों के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना
- ✓ C. जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना
- ✗ D. किशोर पोषण और स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को मजबूत बनाना

Q.97 **भारत ने किस देश के रक्षा बलों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास LAMITIYE – 2026 में भाग लिया था?**

Ans
- ✗ A. श्रीलंका
- ✗ B. मालदीव
- ✓ C. सेशेल्स
- ✗ D. मॉरीशस

Q.98 **भारत के हाइपरसोनिक मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत, किस संस्थान ने मई 2026 में सक्रिय रूप से कूल्ड, फुल स्केल स्क्रैमजेट कंबस्टर का दीर्घावधिक सफल भूमि-परीक्षण पूरा किया है?**

Ans
- ✓ A. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✗ B. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- ✗ C. हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड
- ✗ D. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

Q.99 **दीव में बीच गेम्स (Beach Games) और छत्तीसगढ़ में जनजातीय खेलों (Tribal Games) जैसे आयोजनों के माध्यम से परिलक्षित खेलो इंडिया कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

Ans
- ✗ A. भारत में खेलों के प्रसारण को बढ़ाना
- ✗ B. अंतरराष्ट्रीय खेल भागीदारी का विस्तार करना
- ✓ C. समावेशिता और क्षेत्रीय खेल विकास को बढ़ावा देना
- ✗ D. पेशेवर खेल लीग स्थापित करना

Adda247

Test
Prime
By Adda247
PREVIOUS YEAR
PAPERS PDF
PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!
PDF
Free
25,000+
PDF's
High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly
ATTEMPT AS
MOCK
Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.
Previous Year Papers PDF
Search
Banking
JAIIB & CAIIB
SSC
Railways
April 2026
11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
February 2026
22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...
Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance
AVAILABLE IN
Banking
SSC
Railway
Teaching
UGC
Agriculture
Nursing
Bihar
UP
Punjab
WB
Odisha
TN
AP & Telangana
Haryana
DOWNLOAD TEST PRIME

Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.100 जनवरी 2026 में महाराष्ट्र के अहिल्या नगर स्थित के.के. रेंजेस (KK Ranges) में DRDO द्वारा, किस स्वदेशी रूप से विकसित 'फायर-एंड-फॉरगेट' और 'टॉप अटैक' की क्षमता वाली तीसरी पीढ़ी की हथियार प्रणाली का गतिशील लक्ष्य के विरुद्ध सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया था?

Ans

❌ A. मोबाइल पर्सनल आर्मर ट्रैकिंग गाइडेड मिसाइल

✔ B. मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (MPATGM)

❌ C. मल्टी पर्पज एडवांस्ड टारगेट ग्राउंड मिसाइल

❌ D. मीडियम रेंज प्रिसिजन असॉल्ट टैक्टिकल मिसाइल

"

Adda247